विश्व मानवाधिकार दिवस पर कैदी पढ़ेंगे अधिकारों का पाठ

जेल विभाग राष्ट्रीय विधि विवि के साथ मिलकर करेगा आयोजन

शिमला। सूबे की जेलों में बंद हजारों सजायाफ्ता व विचाराधीन कैदी मानवाधिकार का पाठ पढ़ेंगे। प्रदेश का जेल विभाग कैदियों के लिए विश्व मानवाधिकार दिवस पर सूबे की सभी जेलों में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित करेगा। दस दिसंबर को मानवाधिकार दिवस पर व्याख्यान के अलावा सभी जेलों में कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी।

इन कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय घंडल और चंडीगढ़ के इंस्टीट्यूट आफ करेक्शनल एडमिनिस्ट्रेशन के साथ मिलकर करेगा। डीजी जेल सोमेश गोयल ने बताया कि जेलों में बंद कैदियों के भी

कैदियों को मानवाधिकारों के बारे में बताया जाएगा, कई प्रतियोगिताएं भी होंगी

मानवाधिकार होते हैं। चूंकि, उन्हें न तो इसकी जानकारी नहीं होती। ऐसे में उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न तरह की प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी, ताकि कार्यक्रम में कैदियों की सहभागिता हो जाए। बता दें, हिमाचल की एक दर्जन केंद्रीय व जिला और सब जेलों में हजार से ज्यादा महिला व पुरुष कैदी बंद हैं। इनके अलावा कई विदेशी मूल के कैदी भी विभिन्न तरह के अपराधों के लिए सजा काट रहे हैं। ब्यूरो